स्वयंसेवा का कार्य करना

बहुसांस्कृतिक सहकर्मी नेटवर्क

स्वयंसेवा का कार्य **आपको नए लोगों से मिलने** और **अपनी प्रतिभा का पता लगाने में** मदद कर सकता है। यह बाहर निकलने और अपने समुदाय में शामिल होने का एक शानदार तरीका है।

स्वयंसेवा आपको अपने समुदाय से जुड़ने और इसे एक बेहतर स्थान बनाने का अवसर देता है। स्वयंसेवा का कार्य अवैतनिक है।

सामाजिक समावेशन

> अपने स्थानीय समुदाय का हिस्सा बनते हैं
> नए दोस्त बनाते हैं
> समान विचारधारा वाले लोगों के समूह से जुड़ते हैं
> अपने स्थानीय समुदाय में दूसरों की मदद करते हैं
> नए कौशलों की खोज और निर्माण करते हैं
> आप अंतर लाना चाहते हैं।

स्वयंसेवा क्यों करें?

स्वयंसेवा आपके **आत्मविश्वास** और समग्र **ख़ुशी** को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। यह आपको गर्व और पहचान की भावना भी दे सकती है। एक स्वयंसेवक के रूप में अपना समय देकर आप दूसरों के और समुदाय के लिए अच्छा कर रहे हैं।

> **नए कौशल** सीखें
> महत्वपूर्ण **कार्य अनुभव** प्राप्त करें और कभी-कभी योग्यता भी
> **चुनौती** स्वीकार करें
> **आत्मविश्वास** और **आत्म-सम्मान का** निर्माण करें
> **संवाद कौशल** विकसित करें
> **टीम** का हिस्सा बनें।

SSI settlementservices international

स्वयंसेवा करने से आपको अपने कौशल का निर्माण करने और वैतनिक रोज़गार प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

करियर का अनुभव और करियर-मार्ग

कार्य अनुभव प्राप्त करने और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के बिना एक नए करियर को करके देखने के लिए स्वयंसेवा एक शानदार तरीका है।

मैं स्वयंसेवा कहाँ कर सकता हूँ?

> अपने सहयोग सर्कल के लोगों से पूछें

> स्वयंसेवा ऑस्ट्रेलिया:
https://www.volunteeringaustralia.org/

> अपनी स्थानीय काउंसिल की वेबसाइट पर या स्थानीय पुस्तकालय में देखें

> अपने स्थानीय चर्च, धार्मिक संगठनों या स्कूलों से संपर्क करें

अन्वेषण करें
अपनी रुचियों का

अनुभव प्राप्त करें
वास्तविक व्यावहारिक कार्य का

कोशिश करें
नई चीजें करने की

मिलें-जुलें
विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमियों के नये लोगों से

प्रेरित हों
स्वयं दूसरों से प्रेरित हों और आप दूसरों को प्रेरित करें

विकास करें
अपनी सामाजिक और संवाद करने की कुशलताओं का

मल्टीकल्चरल पीयर सपोर्ट नेटवर्क (एम पी एन) सेटलमेंट सर्विसेज इंटरनेशनल (एस एस आई) की एक पहल है। इस परियोजना को ऑस्ट्रेलियन गवर्नमेंट ऑफ सोशल सर्विसेज द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

www.ssi.org.au/services/disability-services/multicultural-peer-network

SSI settlementservices international